# RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II वाणिज्य 2024

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

**Q.1**

एक सामान्य नियम, जिसके अनुसार संविदा के संबंध में केवल संविदा के पक्षकार ही मुकदमा कर सकते हैं या उन पर मुकदमा चलाया जा सकता है, वह __ कहलाता है।

(A) प्रतिफल की निजता का सिद्धान्त
(B) संविदा की निजता का सिद्धान्त ✓
(C) पुनर्स्थापन का सिद्धान्त
(D) आवश्यकता का सिद्धान्त

**Q.2**

'तर्कसंगत उत्पाद क्रय-प्रेरणा' का उदाहरण है ।

(A) समानुकरण
(B) सुरक्षा ✓
(C) वैयक्तिकता
(D) प्रतिष्ठा

**Q.3**

प्रबंध लेखांकन ____ प्रकृति के समंकों में व्यवहारित होता है ।

(A) गुणात्मक
(B) मात्रात्मक
(C) गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों ✓
(D) गैर-वित्तीय

**Q.4**

एक्स लिमिटेड के वर्ष 2025-26 के लिए निम्नलिखित अनुमान हैं :
कुल परिचालन व्यय ₹ 15,20,000
कच्ची सामग्री संग्रहण अवधि 40 दिन
तैयार माल संग्रहण अवधि 20 दिन
रूपांतरण अवधि 15 दिन
देनदार वसूली अवधि 25 दिन
लेनदारों को भुगतान अवधि 27 दिन
आकस्मिकताओं के लिए प्रावधान 10 प्रतिशत
वर्ष 2025-26 के लिए परिचालन चक्र विधि से (वर्ष में 365 दिन मानते हुए) कार्यशील पूँजी आवश्यकता की अनुमानित राशि होगी :

(A) ₹ 4,33,400
(B) ₹ 3,34,400 ✓
(C) ₹ 3,43,400
(D) ₹ 3,34,300

**Q.5**

सूची-I को सूची-II से मिलाइए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट (कोड) का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. स्थायी संपत्तियाँ प्राप्त करने के लिए भुगतान | (i) संचालन गतिविधि |
| B. आयकर भुगतान | (ii) वित्तपोषण गतिविधि |
| C. लाभांश भुगतान | (iii) निवेश गतिविधि |

**कूट (कोड) :**

(A) A-(ii), B-(iii), C-(i)

(B) A-(iii), B-(ii), C-(i)

(C) A-(iii), B-(i), C-(ii) ✓

(D) A-(i), B-(ii), C-(iii)

**Q.6**

ऑपरेशन फ्लड का संबंध निम्नांकित में से है-

(A) बाढ़ को रोकना

(B) दुग्ध उत्पादन ✓

(C) असम के उग्रवादियों के विरुद्ध संघर्ष

(D) कर चोरी के खिलाफ छापा

**Q.7**

प्रबन्ध व्यवस्था में अन्तर्निहित पारदर्शिता एवं अंशधारियों, ग्राहकों, कर्मचारियों, सामान्य जनता और सरकार के लिए अधिकतम लाभ निहित होता है ।

(A) रणनीतिक योजना

(B) निगम शासन (कॉर्पोरेट गवर्नेंस) ✓

(C) दूरदर्शी नेतृत्व

(D) संगठन विकास

**Q.8**

'अ' ने चिप्स का पैकेट खरीदा जिस पर विनिर्माण तिथि अंकित नहीं थी। यह परिस्थिति ग्राहक के कौन से अधिकार का हनन है ?

(A) सुनवाई का अधिकार

(B) सूचना का अधिकार ✓

(C) चयन का अधिकार

(D) ग्राहक शिक्षा का अधिकार

**Q.9**

डूबत ऋण ____ का उदाहरण है ।

(A) उत्पादन उपरिव्यय

(B) प्रशासन उपरिव्यय

(C) विक्रय उपरिव्यय ✓

(D) वितरण उपरिव्यय

**Q.10**

दैव-प्रतिचयन से चुने हुए अधिवर्ष में 53 रविवार अथवा 53 सोमवार होने की क्या संभावना है ?

(A) $2/7$
(B) $4/7$
(C) $5/7$
(D) $3/7$ ✓

**Q.11**

जब एक सांख्यिकीय श्रेणी को दो बराबर भागों में विभाजित किया जाता है, यह कहलाता है :

(A) प्रथम चतुर्थक
(B) तृतीय चतुर्थक
(C) माध्यिका ✓
(D) शतमक

**Q.12**

एक श्रमिक के प्रासंगिक समंक इस प्रकार हैं :
समय दर (प्रति घण्टा) : ₹60
अनुमत समय : 20 घण्टे
लिया गया समय : 15 घण्टे
हाल्से योजना के अन्तर्गत श्रमिक की कुल कमाई (पारिश्रमिक) होगी :

(A) ₹ 900
(B) ₹ 1,125
(C) ₹ 1,050 ✓
(D) ₹ 1,200

**Q.13**

X वस्तु की कीमत में परिवर्तन होने के कारण, Y वस्तु की माँग में होने वाला परिवर्तन कहा जाता है :

(A) प्रत्यक्ष माँग
(B) कीमत माँग
(C) आय माँग
(D) तिरछी माँग ✓

**Q.14**

निर्यात संवर्धन आवश्यक है

(A) श्रम गतिशीलता के लिये
(B) आयात में कमी के लिये
(C) बेरोजगारी में वृद्धि के लिये
(D) आयात दायित्वों की पूर्ति के लिये ✓

**Q.15**

निम्नलिखित में से कौन सा स्टीफन कैमिस द्वारा समर्थित कंप्यूटर सहायक अधिगम के लिए एक पैराडाइम नहीं है ?

(A) अनुदेशात्मक (इंस्ट्रक्शनल) पैराडाइम
(B) संपूरक (कॉम्प्लिमेन्टरी) पैराडाइम ✓
(C) प्रकटीकरण (रिवेलेटरी) पैराडाइम
(D) अनुमानात्मक (कंजक्च्यूरल) पैराडाइम

**Q.16**

शिक्षण और अधिगम प्रक्रिया में आई.सी.टी. के निम्नलिखित में से कौन से उपयोग हैं ?

a. शिक्षार्थी की तार्किक और विचार क्षमता का विकास
b. अनुदेशनात्मक सामग्री विकास
c. शिक्षार्थी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण
d. निदानात्मक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) केवल a, b एवं d
(B) केवल a, b एवं c
(C) केवल a, c एवं d
(D) a, b, c एवं d ✓

**Q.17**

कौन सा बाजार किसी अर्थव्यवस्था की मौद्रिक नीति के संचालन को सुगम बनाता है ?

(A) मुद्रा बाजार ✓
(B) पूँजी बाजार
(C) स्टॉक एक्सचेंज
(D) अंश बाजार

**Q.18**

एक समानाकार चिट्ठे में

(A) अंश पूँजी के अंक को 100 माना जाता है।
(B) चालू दायित्वों के अंक को 100 माना जाता है।
(C) स्थायी संपत्तियों के अंक को 100 माना जाता है।
(D) कुल संपत्तियों के अंक को 100 माना जाता है। ✓

**Q.19**

एक परियोजना के लिए प्रारम्भिक बहिर्वाह (विनियोग) ₹ 4,10,000 है। इससे वार्षिक रोकड़ अन्तर्वाह निम्नानुसार हैं :
प्रथम वर्ष ₹ 1,60,000;
द्वितीय वर्ष ₹ 1,20,000;
तृतीय वर्ष ₹ 1,20,000; और
चतुर्थ वर्ष ₹ 40,000
परियोजना की अदायगी अवधि होगी

(A) 3 वर्ष
(B) $3\frac{1}{4}$ वर्ष ✓
(C) $3\frac{1}{2}$ वर्ष
(D) 4 वर्ष

**Q.20**

एक नये साझेदार के प्रवेश के समय, सामान्य संचय को साझेदारों में बाँटा (वितरित किया) जाता है

(A) त्याग के अनुपात में
(B) फायदे के अनुपात में
(C) पुराने लाभ विभाजन अनुपात में ✓
(D) नये लाभ विभाजन अनुपात में

**Q.21**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'अग्रिम संगठक शिक्षण प्रतिमान' से संबंधित नहीं है ?

(A) यह प्रगतिशील विभेदीकरण के सिद्धांत पर आधारित है ।
(B) यह एकीकृत समेकन के सिद्धांत पर आधारित है ।
(C) यह प्रतिमान मौखिक अधिगम सिद्धांत से लिया गया है ।
(D) यह अन्वेषणात्मक प्रतिमान भी कहलाता है । ✓

**Q.22**

प्रबन्धन के स्वभाव एवं उनकी विशेषताओं का सही मिलान करें :

| प्रबन्धन का स्वभाव | विशेषताएँ |
|---|---|
| (i) प्रबन्धन एक विज्ञान के रूप में | (a) वैयक्तिकृत अनुप्रयोग |
| (ii) प्रबन्धन एक कला के रूप में | (b) सार्वभौमिक वैधता |
| (iii) प्रबन्धन एक पेशे के रूप में | (c) नैतिक आचार संहिता |

**(i) (ii) (iii)**

(A) (a) (b) (c)
(B) (b) (a) (c) ✓
(C) (c) (b) (a)
(D) (c) (a) (b)

**Q.23**

"अनुबन्ध एक ऐसा ठहराव है जो राजनियम द्वारा प्रवर्तनीय है ।" यह परिभाषा भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की किस धारा के अन्तर्गत दी गयी है ?

(A) धारा 10
(B) धारा 23
(C) धारा 2(एच) ✓
(D) धारा 2(ई)

**Q.24**

प्रश्नावली तैयार करते समय, द्विभाजक प्रश्न को परिभाषित किया जाता है ।

(A) दो दिए गए विकल्प के रूप में ✓
(B) दो सही विकल्प के रूप में
(C) शब्दार्थ-विभेदक रूप में
(D) बहुविकल्पीय रूप में

**Q.25**

निम्नलिखित में से कौन सा एक उत्पाद रेखा (लाइन) के भीतर प्रत्येक उत्पाद के लिए उपलब्ध विविधताओं की संख्या को परिभाषित करता है ?

(A) चौड़ाई
(B) उत्पाद पोर्टफोलियो
(C) गहराई ✓
(D) स्थिरता

**Q.26**

एन.एस.ओ., सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी किये गये प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2024-25 के लिये वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की अनुमानित विकास दर है :

(A) 6.4%
(B) 6.5% ✓
(C) 6.8%
(D) 6.3%

**Q.27**

किस प्रकार के उद्यमी नवाचार पसंद करते हैं और कुछ नया या रचनात्मक कार्य करने में आनंद लेते हैं ?

(A) कलाकार ✓
(B) सलाहकार
(C) सुधारक
(D) आदर्शवादी

**Q.28**

दिया गया है :
औसत लाभ = ₹ 17,34,000
कुल संपत्तियाँ = ₹ 1,35,00,000
बाह्य दायित्व = ₹ 83,00,000
सामान्य प्रत्याय दर = 12%
अधिलाभों के पूँजीकरण विधि के अनुसार ख्याति का मूल्य होगा :

(A) ₹ 9,50,000
(B) ₹ 92,50,000 ✓
(C) ₹ 61,50,000
(D) ₹ 1,44,50,000

**Q.29**

निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषता नहीं है ?

(A) उन्नत प्रौद्योगिकी स्तर ✓
(B) निम्न जीवन स्तर
(C) अदृश्य बेरोजगारी
(D) निम्न कृषि उत्पादकता

**Q.30**

भूमंडलीकरण आधुनिक स्वरूप है

(A) तुलनात्मक लागत लाभ सिद्धांत का ✓
(B) संरक्षण सिद्धांत का
(C) निर्यातोन्मुखी विकास सिद्धांत का
(D) आयात प्रतिस्थापन विकास सिद्धांत का

**Q.31**

वर्तमान में 30 अप्रैल, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर कौन है ?

(A) शक्तिकांत दास ✓
(B) संजय मल्होत्रा
(C) रघुराम राजन
(D) डी. सुब्बा राव

**Q.32**

'पुस्तक-स्रोत दस्तावेज' के युग्म नीचे दिये गये हैं। निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) क्रय बही - आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्य क्रय बीजक

(B) विक्रय बही - ग्राहकों को जारी विक्रय बीजक

(C) क्रय वापसी बही - आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त डेबिट-नोट ✓

(D) विक्रय वापसी बही - ग्राहकों को जारी क्रेडिट-नोट

**Q.33**

कम्पनी के चिट्ठे में कौन सी मद नहीं दर्शायी जाती है ?

(A) पूँजीगत संचय

(B) संचित पूँजी ✓

(C) प्रदत्त पूँजी

(D) प्रतिभूति प्रीमियम

**Q.34**

निम्नलिखित में से कौन सी एक आधुनिक नियंत्रण तकनीक है ?

(A) बजटीय नियंत्रण

(B) मानक लागत निर्धारण

(C) वित्तीय अनुपात विश्लेषण

(D) प्रबंधन अंकेक्षण ✓

**Q.35**

**अभिकथन (A) :** मूल्यवर्धन से तात्पर्य उत्पादन के मूल्य और मध्यवर्ती वस्तुओं की खरीद के बीच अंतर से है।
**कारण (R) :** मूल्यवर्धन उत्पादन प्रक्रिया में श्रम और पूँजी के योगदान का प्रतिनिधित्व करता है।

(A) (A) और (R) दोनों ही वैयक्तिक रूप से सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है। ✓

(B) (A) और (R) दोनों ही वैयक्तिक रूप से सही हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

**Q.36**

दिये गया है : बृहत्तम मूल्य (L) = 30.5, लघुत्तम मूल्य (S) = 0.5, विस्तार गुणांक क्या है ?

(A) 0.30

(B) 0.97 ✓

(C) 0.31

(D) 0.85

**Q.37**

एक तलपट संतुलित नहीं होगा यदि

(A) ₹ 5,000 में खरीदी गई संपत्ति को एक खर्च के रूप में माना जाता है ।

(B) वेतन भुगतान ₹ 5,000, पूरी तरह से छोड़ दिया गया ।

(C) ब्याज प्राप्ति ₹ 5,000 दो बार दर्ज किया गया ।

(D) विक्रय पुस्तक का योग ₹ 5,000 के स्थान पर ₹ 500 आगे बढ़ाया गया । ✓

**Q.38**

भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 की धारा 7 के अनुसार, किस तरह की साझेदारी में, 'साझेदारी के निर्धारण के बारे में कोई प्रावधान नहीं किया गया है' ?

(A) सामान्य साझेदारी
(B) विशेष/विशिष्ट साझेदारी
(C) इच्छानुसार साझेदारी ✓
(D) निश्चित अवधि साझेदारी

**Q.39**

निम्नलिखित में से कौन सी आर्थिक क्रिया नहीं है ?

(A) कृषि
(B) परिवहन
(C) सरकारी आय-व्यय
(D) गृहिणी द्वारा प्रदत्त सेवाएँ ✓

**Q.40**

निम्नलिखित में से कौन सा 'शोध', प्रकृति में खोजपूर्ण या निदानात्मक है और व्यवहार को समझने और परिकल्पना उत्पन्न करने के लिए उपयोग किया जाता है ?

(A) गुणात्मक शोध ✓
(B) मात्रात्मक शोध
(C) विधि शोध
(D) संचयी शोध

**Q.41**

एक कम्पनी की निर्माणी लागत अधिक पाई गई । प्रबंध लेखापाल द्वारा लागत के घटकों का विश्लेषण किया गया और गुणवत्ता से समझौता किये बिना सस्ती कच्ची सामग्री पर बदलने का सुझाव दिया गया ।
यहाँ किस प्रकार की प्रबंध लेखांकन क्रिया उपयोग में लाई जा रही है ?

(A) लागत रिकॉर्डिंग
(B) संचार
(C) आयोजन
(D) निर्णयन ✓

**Q.42**

दिया गया है :
कच्ची सामग्री का स्टॉक ₹ 1,70,000
अर्द्ध-निर्मित माल का स्टॉक ₹ 65,000
निर्मित माल का स्टॉक ₹ 2,16,000
व्यापारिक देनदार ₹ 1,80,000
पूर्वदत्त व्यय ₹ 11,000
नकद व बैंक शेष ₹ 60,000
व्यापारिक लेनदार ₹ 1,25,000
बकाया वेतन ₹ 32,000
अग्रिम प्राप्त कमीशन ₹ 10,000
कार्यशील पूँजी की राशि होगी :

(A) ₹ 6,91,000
(B) ₹ 5,66,000
(C) ₹ 5,55,000
(D) ₹ 5,35,000 ✓

**Q.43**

एक कंपनी में 31 मार्च, 2024 को गैर-चालू विनियोग ₹ 6,80,000 के थे और 31 मार्च, 2025 को ये ₹ 5,60,000 के थे। यदि वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने मूल विनियोगों का 40% भाग ₹ 1,68,000 के लाभ पर बेच दिया हो, तो रोकड़ बहिर्वाह (outflow) हुआ :

(A) ₹ 4,40,000
(B) ₹ 2,88,000
(C) ₹ 1,52,000 ✓
(D) ₹ 2,72,000

**Q.44**

"भारत की वास्तविक प्रगति का आशय केवल औद्योगिक शहरी केन्द्रों का विकास और विस्तार ही नहीं है, बल्कि मुख्य रूप से गाँवों का विकास है।" यह किसका कथन है ?

(A) लाल बहादुर शास्त्री
(B) महात्मा गांधी ✓
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) आर.सी. डे

**Q.45**

निम्नलिखित में से एक वस्तु की माँग को सबसे कम प्रभावित करने वाला घटक कौन सा है ?

(A) वस्तु की कीमत
(B) उपभोक्ता की आय
(C) उत्पादन के साधनों की कीमत ✓
(D) संबंधित वस्तुओं की कीमत

**Q.46**

किस धारा के तहत् केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) की स्थापना की गई है ?

(A) धारा 11.1
(B) धारा 10.1 ✓
(C) धारा 9.1
(D) धारा 8.1

**Q.47**

कौन सा अंकेक्षण मानक स्वतंत्र अंकेक्षक के सम्पूर्ण उद्देश्यों को बताता है ?

(A) SA 230
(B) SA 300
(C) SA 330
(D) SA 200 ✓

**Q.48**

जब पाँच सिक्के उछाले जाएँ तो 4 चित आने की प्रायिकता क्या होगी ?

(A) $4/32$
(B) $4/5$
(C) $5/32$ ✓
(D) $6/32$

**Q.49**

जहाँ माध्य $(\bar{x}) = 3$ प्रमाप विचलन $(\sigma) = 2.65$ प्रमाप विचलन गुणांक क्या है ?

(A) 3
(B) 2.65
(C) 0.88 ✓
(D) 0.75

**Q.50**

एक टैक्सी प्रदाता न्यूनतम ₹80 चार्ज करता है और उसके पश्चात् ₹15 प्रति किलोमीटर तय की गई दूरी पर चार्ज करता है । परिवहन (वाहन) लागत का व्यवहार है :

(A) स्थिर लागत
(B) परिवर्तनीय लागत
(C) अर्द्ध-परिवर्तनीय लागत ✓
(D) कारखाना लागत

**Q.51**

केन्द्र सरकार भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत, संसद के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करती है ?

(A) अनुच्छेद 111
(B) अनुच्छेद 112 ✓
(C) अनुच्छेद 201
(D) अनुच्छेद 202

**Q.52**

"आर्थिक कल्याण, सामाजिक कल्याण का वह भाग है जिसे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मुद्रा के मापदण्ड से सम्बन्धित किया जा सकता है ।" यह कथन है :

(A) प्रो. मार्शल का
(B) प्रो. फिशर का
(C) प्रो. पीगू का ✓
(D) प्रो. रॉबर्टसन का

**Q.53**

कंप्यूटर सहायक अधिगम की किस विधा में, कंप्यूटर एक प्रयोगशाला या क्षेत्र की स्थिति के रूप में कार्य करता है और यह विद्यार्थियों को कठिन प्रयोग करने में सक्षम बनाता है ?

(A) ट्यूटोरियल
(B) ड्रिल एवं अभ्यास
(C) अनुरूपण (सिमुलेशन) ✓
(D) सूचनात्मक अनुदेशन

**Q.54**

एक अंत:क्रियात्मक सॉफ्टवेयर अभिकल्प जो आगे जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है और शिक्षार्थियों की विभिन्न अधिगम शैलियों की आवश्यकता को पूरा करने का प्रयास करता है वह कहलाता है

(A) रेखीय अभिकल्प
(B) शाखीय अभिकल्प ✓
(C) मैथेटिक्स अभिकल्प
(D) नियम प्रणाली अभिकल्प

**Q.55**

निम्नांकित में से कौन सी एक विधि 'प्राथमिक पूँजी बाजार' में पूँजी वृद्धि विधि नहीं है ?

(A) अधिकार निर्गमन द्वारा
(B) प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव द्वारा
(C) बोनस निर्गमन द्वारा ✓
(D) जनता को प्रस्ताव द्वारा

**Q.56**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन स्वामित्व समता के संदर्भ में सत्य नहीं है ?

(A) यह स्वामियों का वित्तीय हित है।
(B) यह फर्म की देनदारियों के उसकी परिसंपत्तियों पर आधिक्य को दर्शाता है। ✓
(C) यह व्यावसायिक इकाई के प्रति स्वामी के दावे को दर्शाता है।
(D) यदि फर्म को हानि होती है, तो स्वामी का दावा कम हो जाएगा।

**Q.57**

दिया गया है :

| विनियोग प्रस्ताव | आरम्भिक विनियोग (₹) | शुद्ध वर्तमान मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| A | 2,50,000 | 60,000 |
| B | 4,00,000 | 90,000 |
| C | 6,00,000 | 80,000 |
| D | 8,00,000 | 1,20,000 |

लाभदायकता सूचकांक (PI) के आधार पर उपर्युक्त विनियोग प्रस्तावों को प्राथमिकता क्रम (रैंकिंग) प्रदान कीजिए :

**प्राथमिकता क्रम (रैंक)**

| I | II | III | IV |
| --- | --- | --- | --- |

(A) D B C A

(B) A B C D

(C) C D B A

(D) A B D C ✓

**Q.58**

कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली का निम्नलिखित में से कौन सा लाभ है ?

(A) सटीकता (परिशुद्धता)

(B) सूचना का अद्यतन

(C) समय पर प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग)

(D) यह सभी ✓

**Q.59**

निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण के पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान की एक विशेषता नहीं है ?

(A) यह प्रतिमान केवल विज्ञान विषय में ही प्रयोग नहीं किया जाता बल्कि सभी विषय क्षेत्रों में इसका प्रयोग किया जा सकता है ।

(B) यह सृजनात्मक पूछताछ के लिए रणनीतियों को प्रोन्नत करता है ।

(C) यह परायत्त अधिगम को प्रोत्साहित करता है । ✓

(D) यह पाठ्यक्रम की विषयवस्तु को अन्वेषण योग्य समस्याओं में बदल देता है ।

**Q.60**

हेनरी फेयोल (1841-1925) एक प्रबन्धन विचारक थे ।

(A) इंग्लिश

(B) डच

(C) अरेबिक

(D) फ्रेंच ✓

**Q.61**

"प्रयासित निष्पादन" भी कहलाता है ।

(A) टेण्डर ✓
(B) परिहार या अभिमुक्ति
(C) नवीनीकरण
(D) विखण्डन/निरस्तीकरण

**Q.62**

निम्नलिखित में से किसने 'सिमेंटिक डिफरेंशियल स्केल' को विकसित किया ?

(A) रेन्सिस लिकर्ट
(B) चार्ल्स ई. ऑसगुड ✓
(C) एल.एल. थर्स्टन
(D) स्टेनले स्टीवन्स

**Q.63**

'एकाकी स्वामित्व' के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा एक कथन सही नहीं है ?

(A) एक पृथक सन्नियम/कानून होता है, जो 'एकाकी स्वामित्व' को शासित करता है । ✓
(B) 'एकाकी' का मतलब है एकमात्र ।
(C) कुछ दशाओं में किसी को अनुज्ञापत्र की आवश्यकता हो सकती है ।
(D) 'एकाकी स्वामी' का असीमित दायित्व होता है ।

**Q.64**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) भारत विश्व में सबसे बड़ा अभ्रक उत्पादक देश है । ✓
(B) भारत घाटे की वित्त व्यवस्था नहीं अपनाता है ।
(C) भारत ने प्राकृतिक आपदा का सामना नहीं किया ।
(D) विश्व अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था द्वितीय स्थान पर है ।

**Q.65**

निम्नलिखित में से कौन सा उद्यमिता का मुख्य तत्त्व नहीं है ?

(A) आविष्कार ✓
(B) जोखिम उठाना
(C) नवाचार
(D) कौशल आयोजन

**Q.66**

X और Y साझेदार थे जिनमें लाभों का बँटवारा $7 : 3$ में किया जाता था । लाभ के $3/7$ भाग के लिए साझेदार Z को प्रवेश दिया जाता है । साझेदारों का नया लाभ विभाजन अनुपात क्या होगा ?

(A) 14 : 6 : 15 ✓
(B) 3 : 7 : 7
(C) 7 : 3 : 7
(D) 15 : 6 : 14

**Q.67**

निम्नलिखित में से कौन सा "बहुआयामी आर्थिक नीति" के संदर्भ में सही नहीं है ?

(A) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिये नीतियां
(B) केवल ग्रामीण गरीबी का उन्मूलन ✓
(C) संसाधन विकास
(D) विकास के लिये समेकित दृष्टिकोण

**Q.68**

भारतीय नियोजन में निम्नलिखित में से कौन सी अवधि नियोजन अवकाश मानी गयी ?

(A) वर्ष 1951-52 से 1954-55
(B) वर्ष 1966-67 से 1968-69 ✓
(C) वर्ष 1971-72 से 1974-75
(D) वर्ष 1981-82 से 1984-85

**Q.69**

भारत में बैंकिंग क्षेत्र सुधार समिति (1991) का अध्यक्ष कौन था ?

(A) सी. रंगराजन
(B) मोंटेक सिंह अहलूवालिया
(C) मनमोहन सिंह
(D) एम. नरसिम्हम ✓

**Q.70**

दोहरा लेखा पुस्तपालन प्रणाली में खाते की प्रमुख पुस्तक क्या है ?

(A) जर्नल
(B) लेज़र ✓
(C) रोकड़ बही
(D) तलपट

**Q.71**

₹4, 00, 000 मूल्य के अधिमान अंशों का 5% प्रीमियम पर शोधन किया जाता है । इसके लिए ₹2, 00, 000 मूल्य के अंशों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करते हैं । पूँजी शोधन संचय में हस्तान्तरित की जाने वाली राशि होगी :

(A) ₹2, 10, 000
(B) ₹2, 00, 000 ✓
(C) ₹1, 80, 000
(D) ₹4, 00, 000

**Q.72**

आगमन और अभिमुखीकरण कार्यक्रमों द्वारा __ सूचनाएँ प्रदान की जाती हैं।

(A) एक संगठन की वित्तीय स्थिति के बारे में
(B) एक संगठन के मिशन और विज़न के बारे में ✓
(C) एक संगठन के लाभ-उद्देश्यों के बारे में
(D) एक संगठन के सामाजिक-उद्देश्यों के बारे में

**Q.73**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(A) प्रति व्यक्ति आय किसी देश के जीवन स्तर का सूचक है।

(B) राष्ट्रीय आय उत्पादन के साधनों द्वारा अर्जित आय का मापन है।

(C) व्यक्तिगत आय सभी स्रोतों से व्यक्तियों की वास्तविक वर्तमान आय प्राप्तियों का एक मापन है, जो किसी निश्चित समयावधि के दौरान उत्पादक गतिविधियों से अर्जित हो भी सकता है और नहीं भी।

(D) अन्तिम वस्तुओं से तात्पर्य उन वस्तुओं से है जिनका उपयोग पुनः बिक्री के लिए किया जाता है। ✓

**Q.74**

निम्नलिखित में से कौन सा अपकिरण का सापेक्ष माप है ?

(A) मानक विचलन

(B) माध्य विचलन

(C) विचरण गुणांक ✓

(D) विचरण

**Q.75**

फर्नीचर खरीदा ₹ 5,000, क्रय खाता नाम लिखा गया ₹ 500 । अशुद्धि सुधार की प्रविष्टि होगी :

(A) फर्नीचर खाता नाम ₹ 5,000; क्रय खाते से ₹ 5,000

(B) फर्नीचर खाता नाम ₹ 4,500; उचंती खाते नाम ₹ 500; क्रय खाते से ₹ 5,000

(C) फर्नीचर खाता नाम ₹ 5,000; क्रय खाते से ₹ 500; उचंती खाते से ₹ 4,500 ✓

(D) उचंती खाता नाम ₹ 4,500; क्रय खाता नाम ₹ 500; फर्नीचर खाते से ₹ 5,000

**Q.76**

साझेदारी व्यवसाय से जुड़ा एक ऐसा साझेदार जो सामान्य जनता के लिए अनजान होता है, कहलाता है

(A) गुप्त साझेदार ✓

(B) क्रियाशील साझेदार

(C) नाममात्र का साझेदार

(D) निष्क्रिय साझेदार

**Q.77**

विश्व बैंक, विश्व विकास संकेतक (2015) के अनुसार वर्ष 2014 में भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय बाज़ार मूल्य पर कितनी थी ?

(A) 2000 डॉलर

(B) 1980 डॉलर

(C) 1600 डॉलर

(D) 1570 डॉलर ✓

**Q.78**

निम्नलिखित में से 'मॉडल उपभोक्ता समाजीकरण' में समाजीकरण एजेंट के रूप में किसे माना जाता है ?

(A) सामाजिक-आर्थिक स्थिति
(B) पृष्ठभूमि घटक
(C) सीखने का तरीका (लर्निंग मैकेनिज़्म)
(D) परिवार के सदस्य ✓

**Q.79**

दिया गया है :
- कच्ची सामग्री संग्रहण अवधि : 46 दिन
- प्रक्रियांकन/अर्द्ध-निर्मित माल अवधि : 35 दिन
- निर्मित माल की संग्रहण अवधि : 41 दिन
- देनदार संग्रहण अवधि : 45 दिन
- लेनदार भुगतान अवधि : 60 दिन

उपर्युक्त सूचना के आधार पर परिचालन चक्र अवधि होगी :

(A) 167 दिन
(B) 122 दिन
(C) 227 दिन
(D) 107 दिन ✓

**Q.80**

युवराज सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड एक वित्तीय उद्यम है। यह निम्नलिखित व्यवहारों को 'संचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह' के रूप में वर्गीकृत करती है :

(a) प्राप्त ब्याज
(b) दिया गया ब्याज
(c) प्राप्त लाभांश
(d) दिया गया लाभांश

उपरोक्त में से कौन सा/से व्यवहार गलत रूप से वर्गीकृत है/हैं ?

(A) सभी
(B) (a) और (c)
(C) केवल (b)
(D) केवल (d) ✓

**Q.81**

निम्नलिखित में से राज्यों की आर्थिक सुधारों में भागीदारी के बारे में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) राज्य केवल आर्थिक सुधारों के प्राप्ति केन्द्र हैं । ✓
(B) राज्यों द्वारा केन्द्र के प्रयासों का समर्थन एवं उनके सम्पूरक होना अपेक्षित है ।
(C) आर्थिक सुधारों के फलों का लाभ राज्यों को भी मिलता है ।
(D) आर्थिक सुधार राज्यों की आय एवं रोजगार में वृद्धि करते हैं ।

**Q.82**

₹500 और ₹1,000 की नोटों का विमुद्रीकरण घोषित किया गया :

(A) 20 दिसम्बर, 2014
(B) 8 नवम्बर, 2016 ✓
(C) 20 सितम्बर, 2016
(D) 5 दिसम्बर, 2016

**Q.83**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) अधिकार स्केलर चेन से उत्पन्न होते हैं ।
(B) उत्तरदायित्व अधिकारों के भारार्पण से उत्पन्न होते हैं ।
(C) जवाबदेयता उत्तरदायित्व से उत्पन्न होती है ।
(D) अधिकार भारार्पित नहीं किए जा सकते । ✓

**Q.84**

क्या एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) उस कम्पनी के खातों का अंकेक्षण कर सकता है, जिसमें वह अंशधारी है ?

(A) हाँ, यदि कम्पनी विशेष अनुमति देती है ।
(B) नहीं, क्योंकि इससे हितों का टकराव होता है । ✓
(C) हाँ, यदि धारित किये गये अंशों की संख्या 1% से कम हो ।
(D) नहीं, जब तक कि CA सरकारी नियुक्त अंकेक्षक न हो ।

**Q.85**

निम्नलिखित में से कौन सी उपभोक्ता जरूरतें 'संज्ञानात्मक संरक्षण प्रेरणा' की श्रेणी में आती है ?

(A) नियमितता की आवश्यकता ✓
(B) अभिव्यक्ति की आवश्यकता
(C) अभिकथन की आवश्यकता
(D) स्वायत्तता की आवश्यकता

**Q.86**

चिट्ठा, उपक्रम की वित्तीय स्थिति की सूचना प्रदान करता है :

(A) एक समय अवधि के लिए
(B) किसी निश्चित समय बिंदु पर ✓
(C) समय की अवधि में
(D) या तो एक समय अवधि के लिए या किसी निश्चित समय बिंदु पर

**Q.87**

निम्नलिखित में से किसे सामग्री की सामान्य हानि माना जाता है ?

(A) चोरी
(B) दुर्घटनाओं के कारण हानि
(C) सामग्री संभालने में लापरवाही के कारण हानि
(D) थोक (बड़े भाग) को तोड़ने के कारण हानि ✓

**Q.88**

राजकोषीय घाटा है

(A) कुल व्यय एवं कुल प्राप्तियों में अंतर (ऋण पूँजी प्राप्ति सहित)

(B) कुल राजस्व व कुल व्यय में अंतर

(C) कुल व्यय एवं कुल प्राप्तियों में अंतर (ऋण पूँजी प्राप्ति रहित) ✓

(D) राजस्व व्यय एवं राजस्व प्राप्ति का अंतर

**Q.89**

सूची-I से सूची-II का मिलान करते हुए नीचे दिये गये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) प्राकृतिक साधनों का उचित उपयोग | (i) कृषि नीति |
| (b) मूल्यों का नियंत्रण एवं विनियमन | (ii) प्राकृतिक संसाधन नीति |
| (c) विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना | (iii) आयात-निर्यात नीति |
| (d) कृषि क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन | (iv) मूल्य नीति |

कूट :

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(B) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)

(C) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

(D) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i) ✓

**Q.90**

अनुदेशात्मक अभिकल्प के लिए प्रणाली उपागम को लागू करते समय, एक शिक्षक यह पहचान करता है कि डिजिटल उपकरणों और मानक योजना का उपयोग करने के बावजूद भी विद्यार्थी एक विशेष इकाई में लगातार खराब प्रदर्शन कर रहे हैं । इस उपागम का उपयोग करते समय शिक्षक का अगला कदम क्या होना चाहिए ?

(A) विद्यार्थियों को संलग्न करने के लिए नवीन तकनीकी को प्रस्तावित करना ।

(B) वर्तमान इकाई को पूरी तरह से वीडियो मॉड्यूल में बदलना ।

(C) अधिक शिक्षण समय हेतु कक्षा की समयावधि बढ़ाना ।

(D) प्रणाली स्तरीय विफलताओं की पहचान करने के लिए इनपुट, प्रक्रिया और पृष्ठपोषण तंत्र का पुनः विश्लेषण करना । ✓

**Q.91**

सहकारी अधिगम की थिंक-पेयर-शेयर रणनीति में पहला चरण छात्रों को इसकी अनुमति देता है :

(A) कक्षा के साथ विचार साझा करने।

(B) किसी प्रश्न पर व्यक्तिगत रूप से चिंतन करने। ✓

(C) युग्मित विद्यार्थी से बात करने।

(D) समूह कार्य तुरंत शुरू करने।

**Q.92**

किस ब्राण्ड विकास रणनीति में मौजूदा ब्राण्ड नाम के तहत् एक नया उत्पाद पेश करना शामिल है ?

(A) ब्राण्ड विस्तार ✓
(B) लाइन विस्तार
(C) ब्राण्ड विकास
(D) मल्टी-ब्राण्ड

**Q.93**

एक फर्म की चालू संपत्तियाँ ₹1, 50, 000 थीं। चालू दायित्व ₹30, 000 का भुगतान करने के पश्चात् इसका चालू अनुपात 2 : 1 है। भुगतान से पूर्व चालू दायित्वों की राशि __ थी।

(A) ₹1, 50, 000
(B) ₹90, 000 ✓
(C) ₹60, 000
(D) ₹1, 20, 000

**Q.94**

यदि किसी परियोजना (प्रोजेक्ट) की कट ऑफ दर (अपेक्षित प्रत्याय दर) आंतरिक प्रत्याय दर से अधिक हो, तो हम :

(A) प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं।
(B) प्रस्ताव को अस्वीकार कर सकते हैं। ✓
(C) प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं।
(D) इसके बारे में तटस्थ रह सकते हैं।

**Q.95**

आयोजन का निर्माण कौन सा लेखांकन सिद्धांत अनुगमन करता है ?

(A) सतत व्यापार
(B) उपार्जन
(C) विवेकशीलता अथवा रूढ़िवादी ✓
(D) मिलान

**Q.96**

जब एक शिक्षक समयावधि में लगातार बदलते आँकड़ों को प्रदर्शित करना चाहता है तो उसके द्वारा किस प्रकार के आरेख का उपयोग किया जाएगा ?

(A) बुलेटिन आरेख
(B) रेखा आरेख ✓
(C) वृत्त आरेख
(D) चित्रात्मक आरेख

**Q.97**

निम्नलिखित में से कौन सी डिपॉजिटरीज़ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एवं बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रवर्तित हैं ?

(A) नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज़ लिमिटेड (एनएसडीएल)
(B) सेंट्रल डिपॉजिटरीज सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) ✓
(C) एनएसडीएल एवं सीडीएसएल दोनों
(D) ना तो एनएसडीएल और ना ही सीडीएसएल

**Q.98**

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 16 को परिभाषित करती है ।

(A) अनुचित प्रभाव (असम्यक् असर) ✓
(B) जबरदस्ती
(C) उद्देश्य की वैधता
(D) समाश्रित संविदा

**Q.99**

निष्क्रियता की अवधि (अंतराल में पूर्ण अनुपस्थिति) वाले विज्ञापन कार्यक्रम को कहा जाता है ।

(A) निरंतर दृष्टिकोण
(B) पल्सिंग दृष्टिकोण
(C) फ्लाइटिंग दृष्टिकोण ✓
(D) मीडिया वर्ग दृष्टिकोण

**Q.100**

निम्नलिखित में से व्यावसायिक संगठन के एकल स्वामित्व के प्रारूप की कौन सी सीमा नहीं है ?

(A) सीमित संसाधन
(B) असीमित दायित्व
(C) व्यावसायिक संस्थान का असीमित जीवन ✓
(D) सीमित प्रबन्धकीय क्षमता

**Q.101**

'गरीबी के दुष्चक्र' का विचार दिया गया :

(A) प्रो. सैम्युएलसन द्वारा
(B) प्रो. रेगनर नर्कसे द्वारा ✓
(C) प्रो. मार्शल द्वारा
(D) प्रो. पीगू द्वारा

**Q.102**

एक कर्मचारी जो संगठन के दूसरे कर्मचारियों को नवाचार हेतु प्रेरित करता है, वह ____ कहलाता है।

(A) उद्यमी
(B) अंत:उद्यमी ✓
(C) अनुकरणशील उद्यमी
(D) फेबियन उद्यमी

**Q.103**

के.सी. लि. ने 25% प्रीमियम पर ₹ 10 वाले अंशों का निर्गमन करके प्रिया स्टोर्स से ₹ 15,00,000 मूल्य की संपत्तियाँ अधिग्रहित (प्राप्त) की । क्रय प्रतिफल का निपटान करने के लिए के.सी. लि. द्वारा जारी किये जाने वाले अंशों की संख्या होगी :

(A) 1,50,000 अंश
(B) 1,20,000 अंश ✓
(C) 1,87,500 अंश
(D) 1,35,000 अंश

**Q.104**

निम्नलिखित में से कौन सा राजकोषीय नीति का अंग नहीं है ?

(A) सार्वजनिक आगम
(B) हीनार्थ प्रबन्धन
(C) सार्वजनिक ऋण प्रबन्धन
(D) रेपो दर ✓

**Q.105**

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की समता अंश पूँजी के विनिवेश को कहा जाता है

(A) निजीकरण ✓
(B) वैश्वीकरण
(C) उदारीकरण
(D) आधुनिकीकरण

**Q.106**

निम्नलिखित में कौन सा उद्देश्य राजकोषीय नीति का नहीं है ?

(A) विकास के साधनों को गतिशील करना
(B) करारोपण प्रणाली का अभिकल्पन करना
(C) रोजगार को बढ़ावा देना
(D) साख नियन्त्रण करना ✓

**Q.107**

अदत्त मजदूरी है

(A) व्यक्तिगत खाता ✓
(B) अव्यक्तिगत खाता
(C) वास्तविक खाता
(D) नाममात्र खाता

**Q.108**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 3 के तहत्, एक सार्वजनिक कम्पनी बनाने के लिए आवश्यक सदस्यों की न्यूनतम संख्या है :

(A) दो या दो से अधिक व्यक्ति
(B) तीन या तीन से अधिक व्यक्ति
(C) सात या सात से अधिक व्यक्ति ✓
(D) ग्यारह और ग्यारह से अधिक व्यक्ति

**Q.109**

'निष्पादन मूल्यांकन की बलकृत वितरण विधि' इस धारणा पर निर्भर करती है, कि

(A) कर्मचारी एक ही स्तर पर निष्पादन करते हैं।
(B) समग्र गुणों की पारस्परिक तुलना द्वारा कर्मचारियों को अधिक या कम कुशल के रूप में श्रेणीबद्ध (रैंकिंग) किया जाता है।
(C) कर्मचारी अलग-अलग हैं और उनकी संख्या एक सामान्य आवृत्ति वितरण के अनुरूप है। ✓
(D) कर्मचारियों का केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों के आधार पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए और सहकर्मी समूह के बीच काम वितरित किया जाना चाहिए।

**Q.110**

वर्ष 2024-25 में, मूल्य में परिवर्तन के आधार पर निम्नलिखित में से कौन से सर्वोच्च पाँच निर्यात गंतव्य हैं?

(A) यू.एस.ए., यू.के., जापान, संयुक्त अरब अमीरात और फ्रांस
(B) यू.एस.ए., चीन, जापान, फ्रांस और यू.के.
(C) चीन, फ्रांस, इटली, यू.एस.ए और जापान
(D) यू.एस.ए., जापान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात

**Q.111**

भारत में निम्नलिखित में से कौन सा सूचकांक मुद्रास्फीति को मापने में काम में लिया जाता है ?

(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(B) उत्पादक मूल्य सूचकांक
(C) औद्योगिक मजदूरी मूल्य सूचकांक
(D) थोक मूल्य सूचकांक ✓

**Q.112**

दिया हुआ है : 01.04.2024 को संदिग्ध ऋणों की आयोजन राशि ₹ 70,000; व्यापारिक प्राप्य 31.03.2025 को ₹ 13,00,000; वर्ष 2024-25 में कुल अशोध्य ऋण जो अपलिखित करने हैं ₹ 1,00,000; व्यापारिक प्राप्यों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5 प्रतिशत आयोजन करना है । लाभ-हानि खाते में आयोजन की राशि नाम लिखी जाएगी :

(A) ₹ 65,000
(B) ₹ 90,000
(C) ₹ 60,000
(D) ₹ 95,000 ✓

**Q.113**

निम्नलिखित में से कौन सा फ्रेडरिक डब्ल्यू. टेलर के दर्शन का मूल सिद्धांत नहीं है ?

(A) प्रबंधन के एक यथातथ्य विज्ञान का विकास
(B) श्रमिक की वैज्ञानिक शिक्षा और विकास
(C) प्रबंधन और श्रमिकों के बीच घनिष्ठ, मैत्रीपूर्ण सहयोग
(D) श्रमिकों का यादृच्छिक चयन ✓

**Q.114**

एक 'अर्ध-संविदा' __ आधारित होता है।

(A) एक ठहराव पर
(B) उत्पीड़न पर
(C) अन्यायपूर्ण संवर्धन के सिद्धान्त पर ✓
(D) नैराश्यता के सिद्धान्त पर

**Q.115**

किस प्रकार का 'समाचार-पत्र विज्ञापन' सामान्यतः लघु आकार की पाठ्य सामग्री एवं कभी-कभी एक लोगो (logo) के रूप में होता है ?

(A) प्रदर्शन विज्ञापन
(B) वर्गीकृत विज्ञापन ✓
(C) प्रदर्शन वर्गीकृत विज्ञापन
(D) सरोगेट विज्ञापन

**Q.116**

निम्नलिखित में से कौन सी पिछले पाँच वर्षों के दौरान भारतीय विदेशी व्यापार की आधुनिक प्रवृत्ति नहीं है ?

(A) चालू खाते के घाटे में कमी ✓
(B) विदेशी व्यापार के मूल्य एवं आकार में वृद्धि
(C) क्रूड ऑयल व पेट्रोलियम के आयात में वृद्धि
(D) चीन के साथ व्यापार घाटे में वृद्धि

**Q.117**

निम्नलिखित में से कौन सी बेरोजगारी का प्रकार भारतीय कृषि के क्षेत्र में सामान्यतः पाया जाता है ?

(A) छिपी बेरोजगारी ✓
(B) मौसमी बेरोजगारी
(C) तकनीकी बेरोजगारी
(D) चक्रीय बेरोजगारी

**Q.118**

निम्नांकित में से कौन सा 'बाह्य विज्ञापन' का एक लाभ नहीं है ?

(A) यह भावी-ग्राहकों को उत्पाद के बारे में याद दिलाता है ।
(B) संदेशों को विस्तृत बनाया जा सकता है । ✓
(C) यह समाज के सभी वर्गों के लिए व्यापक अपील करता है ।
(D) यह विज्ञापन के अन्य साधनों के लिए पूरक का काम करता है ।

**Q.119**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में निम्नलिखित में से किसे 'उपभोक्ता' नहीं माना गया है ?

(A) उपभोग के लिए वस्तु का खरीदार ।
(B) आंशिक रूप से भुगतान और आंशिक रूप से वादा किए गए प्रतिफल के लिए सेवाएँ प्राप्त करना ।
(C) वाणिज्यिक उपयोग/उद्देश्य के लिए सामान खरीदना या प्राप्त करना । ✓
(D) बहुस्तरीय विपणन के माध्यम से उपयोग हेतु सामान प्राप्त करना ।

**Q.120**

कारखाने के सामान्य रूप में कार्य करने को लेकर उपरिव्ययों के अवशोषण की दर ₹3.50 प्रति घंटा है । माह मार्च 2025 में वास्तविक कार्य घंटे 17600 रहे । इस माह में कुल वास्तविक कारखाना व्यय ₹50, 400 दर्ज किये गये । यह परिस्थिति ___ कहलाती है ।

(A) ₹11, 200 से उपरिव्ययों का न्यूनावशोषण
(B) ₹12, 100 से उपरिव्ययों का अत्यावशोषण
(C) ₹21, 100 से उपरिव्ययों का न्यूनावशोषण
(D) ₹11, 200 से उपरिव्ययों का अत्यावशोषण ✓

**Q.121**

एक परियोजना की लागत ₹ 1, 50, 000, अवशिष्ट मूल्य ₹ 30, 000, जीवनकाल 5 वर्ष । ह्रास व कर पूर्व औसत वार्षिक आय ₹ 40, 000, कर की दर 30 प्रतिशत तथा ह्रास सीधी रेखा विधि से लगाया जाता है । औसत विनियोग पर आधारित लेखांकन प्रत्याय दर __ होगी ।

(A) 12.14%
(B) 12.44% ✓
(C) 14.24%
(D) अपर्याप्त समंक

**Q.122**

तुलनात्मक वित्तीय विवरणों को __ नाम से भी जाना जाता है ।

(A) क्षैतिज विश्लेषण ✓
(B) लम्बवत् विश्लेषण
(C) स्थिर विश्लेषण
(D) बाह्य विश्लेषण

**Q.123**

असत्य कथन को पहचानिये :

(A) कुल स्थिर लागत कुल उत्पादन में स्थिर बनी रहती है ।
(B) कुल परिवर्तनीय लागत उत्पादन के साथ बढ़ती है ।
(C) प्रति इकाई स्थिर लागत उत्पादन में वृद्धि के साथ बढ़ती है । ✓
(D) प्रति इकाई परिवर्तनीय लागत स्थिर बनी रहती है ।

**Q.124**

माँग का नियम बताता है

(A) वस्तु की कीमत और माँगी गई मात्रा के बीच सम्बन्ध । ✓
(B) उपभोक्ता की आय और माँगी गई मात्रा के बीच सम्बन्ध ।
(C) किसी स्थानापन्न वस्तु की कीमत और माँगी गई मात्रा के बीच सम्बन्ध ।
(D) किसी वस्तु की पूरक वस्तु की कीमत और माँगी गई मात्रा के बीच सम्बन्ध ।

**Q.125**

निम्नांकित में से कौन सा एक आवश्यक कदम ग्राहकोन्मुखी विपणन अवधारणा से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) वास्तविक आवश्यकताओं का निर्धारण
(B) लक्ष्य समूहों का निर्धारण
(C) उपभोक्ता अनुसंधान पर बल
(D) पारिस्थितिकीय संतुलन पर बल ✓

**Q.126**

एक कंपनी को अपना चिट्ठा कंपनी अधिनियम, 2013 के __ में निर्धारित प्रारूप के अनुसार तैयार करना होता है।

(A) अनुसूची-III पार्ट-I ✓
(B) अनुसूची-III पार्ट-II
(C) अनुसूची-III पार्ट-III
(D) सारणी A

**Q.127**

'ह्रास' एक प्रक्रिया है

(A) लागतों के आवंटन की ✓
(B) सम्पत्तियों के मूल्यांकन की
(C) लागत के प्रतिस्थापन की
(D) सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन की

**Q.128**

निम्नलिखित में से कौन सा तुल्यकालिक (सिन्क्रोनस) संप्रेषण का उदाहरण नहीं है ?

(A) फोन कॉल
(B) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
(C) वीडियो-ब्लॉग्स ✓
(D) व्यक्तिगत बैठक

**Q.129**

निम्न में से प्रबन्ध के सिद्धान्तों का कौन सा मॉडल यह मानता है कि 'प्रबन्ध, विचार करता है और कर्मचारी आदेशों की अनुपालना करते हैं' ?

(A) सहायक मॉडल
(B) निरंकुश मॉडल ✓
(C) संरक्षक मॉडल
(D) कॉलेजियल मॉडल

**Q.130**

अंकेक्षण के क्षेत्र में शामिल है :

(A) जाँच
(B) दस्तावेजों के प्रमाणीकरण में विशेषज्ञता
(C) वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना ✓
(D) वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति की जिम्मेदारी

**Q.131**

निम्नलिखित में से किसने व्यवहारात्मक निर्णय सिद्धान्त में 'नज सिद्धान्त' प्रस्तावित किया ?

(A) सिग्मंड फ्रायड
(B) अब्राहम मास्लो
(C) रिचर्ड थेलर ✓
(D) मार्टिन लिंडस्ट्रोम

**Q.132**

'एकीकृत विपणन' किस विपणन अवधारणा का भाग है ?

(A) विक्रय अवधारणा
(B) उत्पाद अवधारणा
(C) सामाजिक अवधारणा ✓
(D) उत्पादन अवधारणा

**Q.133**

मिश्रित अर्थव्यवस्था से आशय है :

(A) निजी क्षेत्र का अस्तित्व
(B) सार्वजनिक क्षेत्र का अस्तित्व
(C) सहकारिता क्षेत्र का अस्तित्व
(D) सार्वजनिक और निजी क्षेत्र का सह अस्तित्व ✓

**Q.134**

जब पक्षकार किसी मौजूदा हीन संविदा को नई बेहतर संविदा से बदल देते हैं, तो इसका परिणाम संविदाओं की समाप्ति के रूप में होता है; उसे ____ कहा जाता है।

(A) निष्पादन की असंभवता
(B) समय समाप्ति
(C) कानून का संचालन (लागू होना) ✓
(D) असंभवता का अतिरेक

**Q.135**

मार्च 2025 में भारत का व्यापार घाटा था

(A) $ 21.54 बिलियन ✓
(B) $ 20.54 बिलियन
(C) $ 19.50 बिलियन
(D) $ 18.20 बिलियन

**Q.136**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) संरचनात्मक सुधार नीतियां दीर्घकालिक उपाय हैं ।
(2) संरचनात्मक सुधारों का उद्देश्य भुगतान संतुलन को तत्काल सहायता प्रदान करना है ।
(3) स्थिरीकरण उपाय अल्पकालिक उपाय हैं ।
(4) स्थिरीकरण उपायों का उद्देश्य भुगतान संतुलन को तत्काल सहायता प्रदान करना है ।

(A) संरचनात्मक सुधार नीतियां दीर्घकालिक उपाय हैं ।
(B) संरचनात्मक सुधारों का उद्देश्य भुगतान संतुलन को तत्काल सहायता प्रदान करना है । ✓
(C) स्थिरीकरण उपाय अल्पकालिक उपाय हैं ।
(D) स्थिरीकरण उपायों का उद्देश्य भुगतान संतुलन को तत्काल सहायता प्रदान करना है ।

**Q.137**

निम्नलिखित में से कौन सा मौद्रिक नीति का उद्देश्य नहीं है ?

(A) कीमत स्तर की स्थिरता
(B) विनिमय दर की स्थिरता
(C) विकास एवं रोजगार
(D) क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना ✓

**Q.138**

स्वेट इक्विटी (समता) अंश का निर्गमन हो सकता है

(A) कम्पनी की साधारण सभा में विशेष प्रस्ताव पारित करके । ✓
(B) कम्पनी की साधारण सभा में सामान्य प्रस्ताव पारित करके ।
(C) विशेष सभा में विशेष प्रस्ताव पारित करके ।
(D) असाधारण सभा में सामान्य प्रस्ताव पारित करके ।

**Q.139**

जेड. लिमिटेड ने 21000 अंशों के आवेदकों को 15000 समता अंश आनुपातिक आधार पर बंटित किये । आवेदन राशि ₹3 प्रति अंश रखी गयी । मि. एन. ने 630 अंशों के लिए आवेदन किया । उसको बंटित किये गये अंशों की संख्या तथा उसके द्वारा देय आबंटन राशि के विरुद्ध समायोजन की जाने वाली राशि होगी :

(A) 180 अंश; ₹1, 350
(B) 360 अंश; ₹810
(C) 420 अंश; ₹630
(D) 450 अंश; ₹540 ✓

**Q.140**

कौन सी योजनाओं में अक्सर उनके मिशन और लक्ष्य शामिल होते हैं क्योंकि ये कार्रवाई के चरणों का आधार होते हैं ?

(A) रणनीतिक/व्यूहरचनात्मक योजनाएँ ✓
(B) सामरिक योजनाएँ
(C) परिचालन योजनाएँ
(D) प्रारंभिक योजनाएँ

**Q.141**

निम्नलिखित में से भारत में ग्रामीण वित्तीय प्रणाली से सम्बन्धित गतिविधियों को करने वाले सभी संस्थानों की गतिविधियों का समन्वय करने वाली कौन सी संस्था है ?

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक
(B) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(C) नाबार्ड ✓
(D) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

**Q.142**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) एकल स्वामित्व में मालिकों का दायित्व सीमित होता है।
(B) संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय में केवल 'कर्ता' का दायित्व असीमित होता है। ✓
(C) साझेदारी में मालिकों का दायित्व सीमित होता है।
(D) संयुक्त स्टॉक कम्पनी में मालिकों का दायित्व असीमित होता है।

**Q.143**

निम्नलिखित में से कौन सा ग्रामीण विकास का मुख्य विषय/मुद्दा नहीं है ?

(A) सूखा
(B) बाढ़
(C) अकाल
(D) झुग्गी-झोंपड़ियों का सफाया ✓

**Q.144**

'द्वितीयक पूँजी बाजार' के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा एक कथन सही है ?

(A) प्रतिभूतियों की कीमतें माँग और पूर्ति से सुनिश्चित होती हैं । ✓

(B) प्रतिभूतियों की कीमतें कम्पनियों के प्रबन्ध द्वारा सुनिश्चित की जाती हैं ।

(C) प्रतिभूतियों का विक्रय कम्पनियों के द्वारा निवेशकों को प्रत्यक्षतः अथवा किसी मध्यस्थ के द्वारा किया जाता है ।

(D) प्रतिभूतियों की केवल खरीद होती है ।

**Q.145**

त्याग का अनुपात है :

(A) नया लाभ विभाजन अनुपात - पुराना लाभ विभाजन अनुपात

(B) पुराना लाभ विभाजन अनुपात × नया लाभ विभाजन अनुपात

(C) पुराने लाभ विभाजन अनुपात के बराबर

(D) पुराना लाभ विभाजन अनुपात - नया लाभ विभाजन अनुपात ✓

**Q.146**

निम्नलिखित में से कौन सा एक मानव संसाधन की भावनात्मक पूँजी से संबंधित है ?

(A) सीखने की क्षमता

(B) सामाजिक योग्यता

(C) कौशल एवं विशेषज्ञता

(D) महत्वाकांक्षा और साहस ✓

**Q.147**

निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने आर्थिक विकास के संकेतक के रूप में प्रति व्यक्ति वास्तविक आय को माना है ?

(A) साइमन कुजनेट्स

(B) आर्थर लेविस

(C) जेकब वाइनर ✓

(D) फ्रैंकल

**Q.148**

भारत के किस प्रधानमंत्रित्व काल में आर्थिक सुधारों को प्रारम्भ किया गया ?

(A) राजीव गाँधी

(B) नरसिम्हा राव ✓

(C) अटल बिहारी वाजपेयी

(D) मनमोहन सिंह

**Q.149**

बैंकिंग क्षेत्र में सुधार से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) पूँजी पर्याप्तता मानक बनाये रखना

(B) बैंकिंग लोकपाल की नियुक्ति

(C) नकद कोषानुपात को घटाया गया

(D) बैंकों के वैधानिक तरलता अनुपात को बढ़ाया गया ✓

**Q.150**

निम्नलिखित में से कौन सा अविच्छिन्न श्रेणी में समान्तर माध्य-लघु रीति का सूत्र है ?

(A) $\bar{x} = \frac{\sum fdx}{N}$

(B) $\bar{x} = \frac{\sum x}{N}$

(C) $\bar{x} = A - \frac{\sum fdx}{N}$

(D) $\bar{x} = A + \frac{\sum fdx}{N}$ ✓



## Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in